प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 13.09.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मिजोरम की राजधानी आइजॉल में नौ हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास और शुभारंभ किया। ये परियोजनायें रेलवे, सड़क मार्ग, ऊर्जा और खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुडी हुई हैं। श्री मोदी ने आठ हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली बैरबी–सैरांग नई रेल लाइन का उद्घाटन किया, जो पहली बार मिजोरम की राजधानी को भारतीय रेल नेटवर्क से जोड रही है। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि अब मिजोरम के किसान तथा कारोबारी देश भर के अधिकतम बाज़ारों तक पहुंचेंगे और इन विकास योजनाओं से रोज़गार के अवसर भी सृजित होंगे। इस अवसर पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि बैरबी–सैरांग नई रेलवे लाइन बेहद चुनौतीपूर्ण परियोजना रही है, जिसमें 45 सुरंगें और 55 बड़े पुल शामिल हैं।

0000

इस साल की तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत आज लगाई जा रही है। राजस्थान उच्च न्यायालय की मुख्यपीठ जोधपुर में न्यायाधीश डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह भाटी ने और जयपुर पीठ में न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा ने इसका शुभारम्भ किया। इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से किया जा रहा है। ये अदालत राजस्थान हाईकोर्ट की जोधपुर और जयपुर पीठ सहित प्रदेश की सभी अधीनस्थ अदालतों में लगायी जा रही है।

0000

राजस्थान पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा आज से आयोजित की जाएगी। परीक्षा को निष्पक्ष और सुचारू रूप से कराने के लिए पुलिस मुख्यालय द्वारा एक विशेष कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है। इस रूम से सभी परीक्षा केन्द्रों की मोनिटरिंग होगी। गौरतलब है कि राजस्थान पुलिस भर्ती बोर्ड की ओर से दो दिन चलने वाली ये परीक्षा दस हजार पदों के लिए ली जा रही है। इस परीक्षा के लिए कुल 5 लाख 24 हजार 740 उम्मीदवारों ने आवेदन किया है।

00000

प्रदेश में किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ पाने के लिए फसल खराबे की सूचना बहत्तर घंटे में देना आवश्यक है। जयपुर में कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक कैलाश चंद मीणा ने बताया कि खरीफ 2025 में जिले की अधिसूचित फसलें मूंग, मूंगफली, ज्वार, तिल, ग्वार और चवला हैं। बुवाई से कटाई तक सूखा, बाढ़, ओलावृष्टि, तूफान और कीट व्याधि जैसी आपदाओं से नुकसान होने पर मुआवजा मिलेगा। कटाई के बाद खेत में सुखाई जा रही फसलें भी यदि बेमौसम बारिश या ओलावृष्टि से प्रभावित होती हैं तो नुकसान का आकलन व्यक्तिगत स्तर पर किया जाएगा। इसके लिए सूचना पोर्टल, हेल्पलाइन 14447 या ऐप के माध्यम से दी जा सकती है।

00000

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं और एनसीसी कैडेट्स की सक्रिय भागीदारी अहम है। अजमेर में एनसीसी कैडेट्स वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर उन्होंने कहा कि देश आज आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। सीमाओं की सुरक्षा से लेकर आर्थिक विकास तक भारत निरंतर प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि एनसीसी देश का सबसे बड़ा युवा संगठन है और इसके कैडेट्स पर राष्ट्र निर्माण की विशेष जिम्मेदारी है।

0000

अजमेर में आनासागर वेटलैंड क्षेत्र स्थित सेवन वंडर्स पार्क को हटाने की कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर अजमेर विकास प्राधिकरण ने जेसीबी और क्रेन से

संरचनाओं को तोड़ना शुरू किया है। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत 11 करोड़ रुपये की लागत से बने इस पार्क को तीन साल में ही ध्वस्त किया जा रहा है।

0000

भरतपुर में गिद्धों के संरक्षण के लिए पहल की गई है। डब्ल्यू डब्ल्यू एफ और वन विभाग ने केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान और बयाना की पहाड़ियों पर गिद्धों के संरक्षण लिए सुरक्षित आशियाना बनाने का अभियान शुरू किया है। केवलादेव उप वन संरक्षक मानस सिंह ने बताया कि अभियान के पहले चरण में गिद्धों की संख्या जानने के लिए सर्वे किया जाएगा। इसके लिए उद्यान में मॉनिटरिंग सेंटर स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में लॉंग बिल वल्चर और हिमालयन गिद्ध सहित विभिन्न प्रजातियों के गिद्ध पाये जाते हैं।

0000

मुख्यमंत्री अनुप्रति निःशुल्क कोचिंग योजना में आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। योजना के तहत अब 14 सितम्बर के स्थान पर 30 सितम्बर तक आवेदन किये जा सकेंगे। इस योजना के तहत मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट परीक्षा सहित विभिन्न प्रवेश तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग सुविधा दी जाती है। इस साल सरकार 30 हजार विद्यार्थियों को फ्री कोचिंग करवाएगी।

0000